दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
# मेरठ दर्पण
वर्षः 06 अंक 37 मेरठ, शुक्रवार 20 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# मेरठ निवासी सूबेदार जम्मू में हुए शहीद

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में बृहस्पतिवारह्लसुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीचह्लहुई मुठभेड़ह्लमें यूपी के मेरठ जिले के गंगानगर थाना क्षेत्र में स्थित ईशापुरम कॉलोनीह्लनिवासी 46 वर्षीय सूबेदार राम सिंह भंडारी शहीद हो गए। दोपर बाद अधिकारियों द्वारा उनके परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी गई। जानकारी पर उनके परिचित सहित रिश्तेदार मेरठ स्थित उनके आवास पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर



शुक्रवारह्लदोपहर तक आने की उम्मीद है।ह्ल जम्मू-कश्मीर के राजौली जिले के थानामंडी इलाके के जंगल में सेना को जानकारी मिली कि 3 आतंकवादी छिपे हैं। जिस पर एक टीम वहां भेजी गई। जिसमें मेरठ के ईशापुरम कॉलोनी निवासी जेसीओ राम सिंह भंडारी भी थे। बताया जा रहा कि आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सेना की ओर से की गई फायरिंग में एक आतंकवादी मार गिराया गया। वहीं, अन्य आतंकियों की तलाशी की जा रही थी। इसी बीच अचानक से आतंकियों की ओर से बर्स्ट फायरिंग में लगने सेह्लराम सिंह घायल हो गए, उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।ह्लजिसके बाद अधिकारियों द्वारा दोपहरह्लएक बजे मेरठ स्थित परिजनों को जानकारी दी गई। सैनिक कॉलोनी निवासीह्लसेवानिवृत्त कैप्टन वीर सिंह ने बताया कि राजौरी स्थित उनकी बटालियन में संपर्क किया गया है। वहां से अधिकारियों ने बताया कि वहां मौसम की स्थिति को देखा जा रहा है। अगर मौसम खराब है तो एंबुलेंस द्वारा पार्थिव शरीर कोह्लमेरठ लाया जाएगा। अगर मौसम सही रहता है तो हेलिकॉप्टर द्वारा दिल्ली लाया जाएगा। उसके बाद मेरठ स्थित ईशापुरम में लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शव का अंतिम संस्कार सूरजकुंड स्थित श्मशान घाट पर किया जाएगा।ह्लजानकारी के अनुसार 16 राष्ट्रीय राईफल के एक जेसीओ द्धश्रब्व्क्र राम सिंह भांडारी दो साल के लिए 48 आरआर राइफल में तैनात हुए थे।ह्लराजौरी की पुलिस अधीक्षक शीमा नबी कसबा द्वारा भी मुठभेड़ की जानकारी मीडिया को दी गई थी।ह्ल थानामंडी इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी पर सेना की टीम वहां पहुंची थी।

# बिजली कटौती से परेशान सपा नेता पवन गुर्जर ने लोगो के साथ बिजली घर पर दिया धरना



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गुरुवार को परतापुर क्षेत्र के कुंडा गांव के लोगो ने कुंडा बिजलीघर पर धरना दिया,जिसमे बिजली न आने, बिजली की आपूर्ति,व क्षेत्र में बिजली के नंगे तारो की शिकायत व ट्रांसफार्मर व खम्बो की समस्याओं को लेकर धरना दिया। सपा नेता पवन गुर्जर ने धरने में पहुँचकर अपना समर्थन दिया। सपा नेता का कहना है कि ग्रामवासियों की परेशानी को देखते हुए जब तक समस्या का समाधान नही हो जाता तब धरना जारी रहेगा ओर बिजली विभाग के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी ।इस दौरान नितिन कसाना , निशांत भड़ाना कुंडा ,अमन कसाना कुण्डा, योगेश कसाना रोहित कसाना आदि अन्य क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं ने महंगाई को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गुलाब में समाजवादी पार्टी के मेरठ कैंट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री सरदार परमिंदर सिंह ईशु जी के नेतृत्व में सिलेंडर के बढ़े दाम और बढ़ती महंगाई बेरोजगारी की मार और दलितों पर हो रहे अत्याचार जिसको सुन नहीं रही है यह सरकार सरकार के कान खोलने के लिए सरकार को जगाने के लिए आज सिलेंडर लेकर धरना प्रदर्शन दिया गया जिसमें समाजवादी पार्टी ने ठाना है जन-जन को जगाना है समाजवादी सरकार बनाना है आयोजन हामिद चौधरी आसिफ पुंडीर ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शन में सलाउद्दीन



सैफी, संजीव वर्मा, डालचंद मास्टर , खालिद राजपूत, ओम प्रकाश यादव ,अरुण यादव, जयकरण भूटानी, सिद्धांत सिंह जाटव ,ओवेश खान ,कुलदीप शर्मा, अश्वनी शर्मा ,साथ ही मुरलीपुर लखवाया गांव के लोग उपस्थित रहे।

# राजेन्द्र जैन व मनीष जैन बने जैन एकता मंच के जिलाध्यक्ष

**विपुल जैन**

**बागपत।** जैन एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश जैन ने राजेंद्र जैन मित्तल को जिला फतेहाबाद का जिलाध्यक्ष और हिसार का मंडल का प्रभारी तथा मनीष जैन को पलवल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बागपत के लोगों ने बधाई दी है। सतीश जैन ने आशा व्यक्त की कि राजेन्द्र जैन व मनीष जैन के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन और भी अधिक मजबूत होगा और संगठन में नई जान आएगी। कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि वह



जैन समाज के लिए एवं जैन धर्म के लिए बेहतर प्रयास करेंगे। जैन समाज के हर पीड़ित व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देंगे। उधर, राजेंद्र जैन व मनीष जैन ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी व दायित्व सोपे हैं, उसका वह भली-भांति पालन करेंगे और सभी को एक साथ लेकर चलेंगे। उनकी नियुक्ति पर उन्हें प्रमोद जैन, मनीष जैन, राजेश जैन व रविंद्र जैन आदि अनेक लोगों ने बधाई दी है। इसके अलावा सतीश जैन ने जैन एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जैन को भी बधाई दी। कहा कि उन्होंने प्रदेश में सबसे पहले अपनी कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति शुरू करके संगठन के काम को आगे बढ़ाया है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व उन्हें धन्यवाद देता है।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 86वें दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल धरने मे किसान आंदोलन को समर्थन देने पहुँचे दिल्ली से रिटायर्ड कर्नल नरेन्द्र कौशिक। रिटायर्ड कर्नल नरेन्द्र कौशिक ने अपने संबोधन मे कहा की हमारे जीवनकाल में ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब देश का अन्नदाता अपने ही देश में अपने वोटो से तैयार की गयी सरकार की तानाशाही का शिकार होकर लगातार 9 महीने से अपने अस्तित्व को बचाने के लिए आंदोलनरत है, और मौजुदा सरकार देश की सबसे बड़ी आबादी, देश की रीढ़ कहे जाने वाले भारतीय किसानो को भी नजरअंदाज कर रही है । इससे स्पष्ट प्रतीत होता है की मोदी सरकार कार्पोरेट आकाओ की कठपुतली की भूमिका मे कार्यरत है जो लोकतंत्र के लिए विकट संकटकाल की अघोषित परिस्थितियो को उजागर करता है । रिटायर्ड कर्नल नरेन्द्र कौशिक




ने कहा की किसानो के लगातार आंदोलन से देश का हर सैनिक दुखी: है और कई सैनिको ने आंदोलनरत अपने पिताओ को भी खो दिया है, अपनी जिम्मेदारी से बंधे किसानो के पुत्र सेना मे अपने कर्तव्य का निर्वहन दुखी: मन से कर रहे है और उनके परिजन देश के अन्दर सरकारी दमनकारी कानूनो के लिए आंदोलन कर रहे है । रिटायर्ड कर्नल नरेन्द्र कौशिक ने देश से अपील कि की अब हमे अपने खुबसूरत हिन्दुस्तान को तानाशाही के चंगुल से निकालना होगा इसके लिए हमे केवल केवल एक ही मौका मिलेगा वो है चुनाव, अब एकजुटता से 2022 में उत्तर प्रदेश से 2024 में दिल्ली से भाजपा को वोटविहीन किया जाना देश की पहली प्राथमिकता रहेगी । रिटायर्ड कर्नल नरेन्द्र कौशिक ने बताया कि 5 सितम्बर को मुजफ्फरनगर मे आयोजित होने वाली महापंचायत का प्रचार पुरे देश मे हो रहा है षि कानूनो के वापसी की मुहिम आगामी रणनीति के तहत यह महापंचायत महत्वपूर्ण रहेगी जिसमे देश भर का किसान हिस्सा लेगा और आंदोलन काल मे आयोजित ये महापंचायत एतिहासिक सिद्ध होगी । आज सिवाया टोल के धरने में मुख्य रूप से विनीत सांगवान, सतवीर जंगेठी, हरेन्द्र बना, शोसिन प्रधान, जवाहर सिंह, जगबीर दबथुआ, हरेन्द्र जानी, प्रमोद मास्टर, विनेश प्रधान, जगसोरंन, अमित चिन्दौडी, हरबीर जंगेठी, देवेन्द्र पवरसा, सतीश काम्बोज, मिन्टू दौराला, सुभाष मलिक, विपीन सिकरवार, नरेश सोनकर, सुशील कुमार पटेल, सुभाष मलिक, अशोक प्रधान सुरानी, लव भराला, निशांत इकलौता, विक्की अरनावली, बबलू अरनावली, आदि मौजूद रहे।

# दुल्हेड़ा चौहान पर किया गया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** ग्राम दुल्हेड़ा चौहान की तरफ से दुल्हेड़ा चुंगी पर भाजपा मेरठ जिले के निर्वाचित जिला अध्यक्ष विमल शर्मा का गौरव चौहान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित चौहान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। विमल शर्मा ने 2022 में जोरदार मेहनत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया साथ में रहे पूर्व जिला मंत्री मनिंदर विहान भराला, डश्व विजय शर्मा, हरेंद्र चौधरी, राहुल चौहान, मोंटी, दीपक शर्मा, शुभम चौहान ,प्रशांत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

## 26 अगस्त को विकास भवन में होगी व्यापार बंधु की मीटिंग

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** डिप्टी कमिष्नर प्रषा0 वाणिज्य करध्संयोजक व्यापार बंधु मेरठ ने बताया कि जिलाधिकारी अध्यक्ष, व्यापार बंधु के निर्देषानुसार व्यापार बंधु की मीटिंग दिनांक 26 अगस्त 2021 को विकास भवन कलेक्ट्रेट मेरठ में अपरान्ह 04.00 बजे से आयोजित की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उक्त मीटिंग में स्वयंध्अधि त प्रतिनिधि के समय से उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया है।

## मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल की छात्राओ ने जिलाधिकारी को बांधी राखी, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाएं



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी को उनके आवास पर मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल की छात्राओ ने राखी बांधी। जिलाधिकारी ने सभी का परिचय जाना व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें शुभकामनाएं दी व उनको अपनी ओर से उपहार भी भेंट किए। इस अवसर पर छात्रा अंकिता सिंह, अन्य छात्राएं, अध्यापिका अनीता पुंडीर, चन्द्रहास यादव आदि उपस्थित रहे।

# सेव इंडिया फाउंडेशन ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विमल शर्मा का मोदीपुरम स्थित लाल किला होटल में स्वागत किया गया।सेव इंडिया फाउंडेशन के राजेश शर्मा, कपिल शर्मा,सुबोध भारद्वाज,पंकज शास्त्री,प्रशांत भारद्वाज,दीपक शर्मा,अंकुर मुखिया,रजनीश रोहल,कल्लू पण्डित, गौरव गुर्जर,आदेश चौधरी, संदीप पाराशर, प्रमोद त्यागी, विजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## 23 अगस्त से विकास खण्ड मुख्यालयों पर सहायक उपकरण वितरण हेतु दिव्यांगजनों के लिए आयोजित होगा पंजीकरण कैंप

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत जनपद मेरठ को निर्देशित करते हुए बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजन जो शासन द्वारा निर्धारित गरीबी की रेखा के अन्तर्गत आते है तथा जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो, को निःशुल्क त्रिम अंगध्सहायक उपकरण द्धट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एम0आर0किट0, लेप्रोसी किट, बैसाखी आदित्रः वितरण कराये जाने हेतु परीक्षणध्चिन्हांकन शिविर आयोजित कर पात्र दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया जायेगा। उन्होने बताया कि लाभार्थी की दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त किया गया हो, त्रिम अंग सहायक उपकरण योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र की समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय रू0 46,080-00 एवं शहरी क्षेत्र में आवेदक की समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय रू0 56,460-00 से अधिक न हो अथवा आय प्रमाण पत्र सांसद, विधायक, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी अथवा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान एवं शहरी क्षेत्र में पार्षद द्वारा निर्गत किया गया हो तथा लाभार्थी को शिविर में पासपोर्ट साईज फोटो, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि पूर्वान्ह 10.00 से अपरान्ह 2.00 बजे तक 23 अगस्त 2021 को विकास खण्ड हस्तिनापुर, 24 अगस्त 2021 को विकास खण्ड मवाना, 25 अगस्त 2021 को विकास खण्ड परीक्षितगढ, 26 अगस्त 2021 को विकास खण्ड माछरा, 27 अगस्त 2021 को विकास खंड खरखौदा, 28 अगस्त 2021 को विकास खंड रजपुरा, 31 अगस्त 2021 को विकास खंड रोहटा, 01 सितम्बर 2021 को विकास खंड जानी, 02 सितम्बर 2021 को विकास खंड सरूरपुर, 03 सितम्बर 2021 को विकास खंड सरधना, 04 सितम्बर 2021 को विकास खंड दौराला, 06 सितम्बर 2021 को विकास खंड मेरठ तथा 07 सितम्बर 2021 को विकास भवन मेरठ में विशेष पंजीकरण कैंप आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि शिविर में किसी भी विकास खंड के छूटे लाभार्थी अगले किसी भी विकास खंड में आयोजित शिविर में अपना पंजीकरण करा सकते है।

# सिवाया टोल पर मनिन्दर विहान ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा जिलाध्यक्ष विमल शर्मा के पैतृक गांव जीतपुर में प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुए दुल्हेडा चुंगी,सिवाया टोल प्लाजा, दौराला तिरंगा चौक व दौराला में किसानों के मसीहा स्वरू चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। टोल प्लाजा पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान साथ रहे जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र अहलावत, महामंत्री भंवर सिंह प्रताप ,चौधरी, गौतम सिवाच, अमित मुखिया, समीर चौहान, जितेंद्र प्रधान ,ललित चौहान, डॉ विजय शर्मा, गौरव चौहान, नितिन खरे, अमित गुप्ता, मोहन किनौनी, शिबू प्रधान, अंकित मौतला, राहुल चौहान आदि मौजूद रहे।

# युवा लोधी जागरुकता मंच पश्चिम उत्तर प्रदेश ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** युवा लोधी जागरुकता मंच पश्चिम उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा चेंबर अश्वफ कश्वमर्स में शिक्षा पर विचार गोष्ठी व मेधावी छात्र छात्राओं को संगठन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मुख्य अतिथि रहे मनोज पोसवाल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा व डश्व तुंगवीर सिंह आर्य कोविंड कंट्रोल टीम प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघठन प्रदेश अध्यक्ष मयंक वर्मा लोधी ने कहा समाज के लोगो के जीवन मे वीरांगना रानी अवंति बाई लोधी का महत्व कभी कम नही होने दे गए और साथ ही साथ सरकार से आवदेन किया शहर के किसी भी प्रमुख मार्ग को रानी अवंति बाई लोधी के नाम से रखा जाए और समाज के लोगो से कहा हर साल की तरह रानी अवंति बाई का की जयंती किसी तोहार से कम नहीं उसे एक बड़े तोहार के रुप में मानये संघठन के प्रदेश,जिला,महानगर इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे। ष्णा गोपाल लोधी सुशील लोधी, बृजमोहन लोधी,उमेश लोधी,अम्बरीष लोधी सोनू,मनोज,शुभम लोधी आदि मौजद रहे।

# ऑल इंडिया फोटोग्राफर फाउंडेशन रजिस्टर्ड ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** ऑल इंडिया फोटोग्राफर फाउंडेशन रजिस्टर्ड द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के मौके पर जिला कलेक्ट्रेट मेरठ डीएम के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने के उपरांत कंकर खेड़ा गोविंदपुरी श्मशान घाट में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधारोपण किया गया। उसके उपरांत सरधना रोड संजय स्टूडियो पर विश्व फोटोग्राफी दिवस के मौके पर केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी दी गई और भाईचारे का संदेश दिया एकता ही शक्ति है संगठन ही शक्ति है। ज्ञापन देने वालों में मौजूद रहे मेरठ जिला अध्यक्ष संजय कुमार, महामंत्री प्रदीप पाल, उपाध्यक्ष नौशाद, प्रदीप कुमार, अरुण चेतन ,अरविंद कन्हैया, मुकेश प्रदीप जानी, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के जय भारत महाअभियान का किया गया शुभारंभ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांध ी के निर्देशन और मार्गदर्शन में जय भारत महाअभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में आम आदमी से संवाद स्थापित कर जनसमस्याओं पर उनके विचार और सुझाव लिए जा रहे है। गैस, पेट्रोल, डीजल, बिजली और खाद्य पदार्थो के बढ़ते दामों की वजह से आम आदमी के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। आम आदमी से संवाद करने के इस जनसमपर्क अभियान में आम आदमी ने जिस तरह से उत्साहित होकर अपने विचारों को साझा किया, वह बहुत ही प्रशंसनीय रहा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस जनसमपर्क अभियान में आम आदमी की सहभागिता इस अभियान को सफल बना रही है। लोग अपनी समस्याओं को बता रहे है कि कैसे बढ़ती मंहगाई के कारण सभी के सामने मुश्किल परिस्थितियों का निर्माण हो रहा है। रोहताश भैय्या, प्रशान्त कौशिक, अंकित गौतम, अशोक शर्मा, नीतेश मीणा, ललित मीणा ने ब्रह्मपुरी वार्ड 39 में इस जनसमपर्क अभियान का आरम्भ किया और आम आदमी से संवाद स्थापित कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।

# तमाम विभागों के कामकाज पर समन्वय करेगा डीएम चंद्र भूषण सिंह का वार रूम



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में आज डीएम वार रुम के संचालन हेतु जनपद के 156 विभागोंध्कार्यालयों के व्हाटसऐप ग्रुप बनाये गये है, जिनमें से 72 विभागोंध्कार्यालयों के व्हाटसऐप ग्रुप एक्टिव है जिनमें 5000 अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जोडा गया है तथा अधिक से अधिक सदस्यों को जोडने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। डीएम वार रुम में बनाये ग्रुप को एक नम्बर प्रदान किया गया है जिससे उस ग्रुप को यूनिक पहचान दी जा सकें तथा शिकायतों को आसानी से प्रेषित किया जा सकें। इसी प्रकार जन सामान्य से प्राप्त होने वाली शिकायतों को क्रमांक दिया जायेगा जिससे कि उनका विवरण, शिकायत की स्थिति ज्ञात हो सकें जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह के निर्देश पर डीएम वार रूम की स्थापना की गयी है जिसके निम्न उद्देश्य है। 1. डीएम वार रूम का संचालन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से किया जा रहा है, वार रूम द्वारा जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों द्धमा0 सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान, पार्षद आदिऋ मीडियाकर्मी, पुलिस, एन जी ओ, उद्यमी, राशन विक्रेता, स्कूल कॉलेज के प्रधान अध्यापकों, बैंक्स, अस्पताल, एएनएम, आशा, लेखपाल, सेकेट्री, आम जनमानस आदि को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। जिससे योजनाओं का प्रचार-प्रसार, शिकायतों का निस्तारण व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से तीव्र गति से किया जा सकें। 2. योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु समस्त विभागों से उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को संकलित किया गया हैं जिनको इन्फोग्राफिक्स वीडियोध्पोस्टर द्वारा सोशल मीडिया जैसे फेसबुक व्हाट्सएप ग्रुपध्ट्विटर द्वारा जनपद के समस्त जन-मानस तक पहुँचाया जाएगा। जिसके लिए विभागों के बनाये गये ग्रुप में कार्यालय अध्यक्ष या उनके सहायक विशेष भूमिका निभाते हुए कर्मचारियों में समन्वय बनाते हुए योजनाओं की वर्तमान स्थिति से समय समय पर अवगत कराएंगे। 3. प्रशासन द्वारा किये गए जनहित के कार्यो को जन सामान्य तक पहुँचाने के लिए विभागों द्वारा जो प्रतिदिन कार्य किये जाते हैं जैसे कार्यालय में जनसुनवाई, स्थलीय निरीक्षण, विवादो का निपटारा, कैम्प आयोजन, या किसी ब्लॉक तहसील विद्यालयों रोजगार मेला इत्यादि में आयोजित कार्यक्रम के फोटोजध्वीडियो विवरण सहित अपने संबंधित विभागीय ग्रुपधजिला सूचना अधिकारी के व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराएंगे, जिससे उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित जा सकें। 4. जन मानस की शिकायतों को प्राप्त करने हेतु एक व्हाट्सएप नंबर, डी एम मुजफ्फरनगर के फेसबुक पेज का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्राप्त शिकायत विवरण सहित संबंधित विभाग के ग्रुप में पोस्ट की जायेगी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के ग्रुप में पोस्ट की जायेगी जिससे जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान तक शिकायतों को पहुँचाया जा सकें। संबंधित विभागों में पोस्ट की गयी शिकायतों को विभाग के कार्यालय अध्यक्ष एवं उससे संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से त्वरित निस्तारण कराते हुए उसकी जानकारी पाने ग्रुप में फोटोजध्वीडियो के विवरण सहित उपलब्ध कराया जायेगा एवं उसका फीडबैक शिकायत कर्ता एवं जन सामान्य तक पहुँचाया जाएगा। एवं जिनकी जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।



**ग्राम पंचायत सिखेड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल जी का भव्य स्वागत किया गया ग्राम पंचायत सचिवालय का भी उद्घाटन किया । इस भवन को बहुत सुंदर ढंग से मनाया गया। ड़ा निर्वाल ने विकास कार्यो की प्राथमिकता से अवगत कराया ।**



**मुजफ्फरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एएनएम ट्रेनिंग सेंटर कूकड़ा में निर्माणाधीन आरटीपीसीआर लैब का निरीक्षण कर अवर अभियंता को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के दिशा निर्देश दिए**

## पहली बार सत्र में नगण्य रहा व्यवधान- हृदय नारायण दीक्षित

**लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने आज मानसून सत्र की समाप्ति पर सदन के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी दलीय नेताओं और सदस्यों ने सारगर्भित चर्चा में भाग लिया। उन्होंने बताया की इस सत्र में 14 महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए जिसमें उप्र नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन विधेयक 2021, उप्र द्वितीय निरसन विधेयक 2021, धूम्रपान निषेध सिनेमा घर निरसन विधेयक 2021, लोकतंत्र सेनानी सम्मान संशोधन विधेयक 2021, तृतीय निरसन विधेयक 2021, विन्ध्य धाम तीर्थ विकास परिषद विधेयक 2021, श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद विधेयक 2021 आदि विधेयक पारित किये गये। सदस्यों ने विधेयकों के प्रस्तुतीकरण और विधि निर्माण में हिस्सा लिया।श्री दीक्षित ने बताया की सत्र में तीन उपवेशन हुए। सदन की कार्यवाही 12 घण्टा 16 मिनट चली। 02 घण्टा 09 मिनट बाधित रही। सदन के प्रथम दिन विधानसभा के वर्तमान 6 सदस्यों जिनमें विजय कुमार कश्यप, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र दिवाकर, केसर सिंह, दल बहादुर एवं देवेन्द्र प्रताप सिंह की कोरोना महामारी के कारण निधन हो जाने से उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। दलीय नेताओं द्वारा शोक व्यक्त किया गया और उनके व्यक्तित्व एवं तित्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने बताया की तीन दिन के उपवेशन में अल्पसूचित प्रश्न 90, तारांकित प्रश्न 957, अतारांकित प्रश्न 1347, प्राप्त हुए।

## आरएसएस प्रमुख के भाई अनन्त भागवत ने मौलाना से की मुलाकात, मुंबई आने का न्यौता दिया

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के छोटे भाई डॉ अनन्त भागवत राष्ट्रीय संरक्षक भारतीय व्यापार मण्डल के गाँव फुलत आगमन पर मदरसा जामिया ईमाम वली उल्लाह में प्रसिद्ध इस्लामी स्कॉलर हजरत मौलाना कलीम सिद्दीकी ने स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में डॉ अनन्त भागवत ने ऐतिहासिक गांव फुलत आने को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि उनके द्वारा संचालित एनजीओ ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पॉलिसी फाउंडेशन द्वारा 6 सितम्बर को मुम्बई में सभी धर्मो के बीच समन्वय बनाकर भाईचारा कघयम करने के उद्देश्य से एक बड़ा कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी धर्मो के धर्माचार्यो के बीच संवाद स्थापित करा एक दूसरे के प्रति गलतफहमियों को दूर करके आपसी भाईचारा कघयम करने का प्रयास किया जायेगा। डॉ अनन्त भागवत ने हजरत



मौलाना कघ्लीम सिद्दीकी को 6 सितम्बर को मुम्बई आने का न्यौता दिया। न्यौते को स्वीकार कर हजरत मौलाना कघ्लीम सिद्दीकी ने गांव फुलत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुगल बादशाह सिकन्दर लोधी के गुरु ने कई सदियों पहले एक पेड़ के नीचे बैठकर इल्म का चश्मा गांव फुलत से बहने की दुआ की थी। तभी से गांव फुलत शिक्षा के क्षेत्र में देश और दुनिया में पहचाना जाता है। 1857 से पहले 1208 में फुलत निवासी प्रसि) इस्लामी स्कॉलर शाह अब्दुल अजीज साहब ने दिल्ली की एक मस्जिद से देश को आजाद कराने के लिये अंग्रेजों के खिलाफ जंग लडने का फतवा जारी किया था। इससे क्षुब्ध अंग्रेजो ने दिल्ली की इस मस्जिद को जमींदोज करा दिया था। वर्ष 1929 में गांव फुलत आये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने यहाँ की मिट्टी को नमन कर सबसे पहले देश को आजादी की राह दिखाने की सराहना की थी। महात्मा गाँधी का उपरोक्त कथन दस्तावेज के रूप में गांव फुलत में आज भी मौजूद है। हजरत मौलाना कघ्लीम सिद्दीकी ने कहा कि अनेकता में एकता की जैसी मिसाल भारत देश में मिलती है, डॉ अनन्त भागवत का स्वागत करने वालों में भारतीय व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर सिंघल, हाफिज इदरीस कुरैशी, नगर अध्यक्ष रवि ग्रोवर, ऋषभ जैन आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# योगी सरकार ने ओलिंपिक खिलाडियों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** ओलिंपिक खेलों के इतिहास में भारत के अब तक के श्रेष्ठ प्रदर्शन में अहम भूमिका अदा करने वाले खिलाडियों को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज बड़े समारोह में सम्मानित किया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. दिनेश शर्मा इन खिलाडियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मौके पर व्यक्तिगत खेलों में ओलिंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलिन थ्रोआर नीरज चोपड़ा को लेकर मंच पर पहुंचे। इस अवसर पर नीरज चोपड़ा ने कहा कि मैं यहां पर आकर थोड़ा नर्वस हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि इतना नर्वस मैं टोक्यो ओलंपिक में भी नही था। यह आयोजन मुझे इंडिया के बड़े इवेंट की तरह लग रहा है। आज इतनी भीड़ देखकर अभिभूत हूं, इतना नर्वस तो ओलंपिक में भी नहीं था। सामने दर्शक दीर्घा में भविष्य के ओलंपियन बैठे हैं। युवाओं से कहना चाहता हूं कि खुद पर भरोसा करें और जमकर मेहनत करें। पुरस्कार हमेशा प्रोत्साहित करता है और अच्छा करने की प्रेरणा देता है। यूपी ने सभी का सम्मान करके एक मिसाल कायम की है। मैं लोगो से कहना चाहूंगा कि अपने ऊपर विश्वास रखे और इच्छा शक्ति बनाये रखे। मैं इस आयोजन के



लिए सीएम योगी आदित्यनाथ जी को ध न्यवाद करता हूं। इस बड़े समारोह से देश व प्रदेश के बाकी खिलाडियों को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। पीवी सिंधू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से जिस तरह हम खिलाडियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उसके लिए में सीएम योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा करती हूं। इस आयोजन से बाकी खिलाडियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि मजबूत टीमों को हराने के बाद टीम का हौसला बुलन्द था लेकिन सेमीफाइनल मैच हारने के बाद टीम थोड़ा निराश थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आते ही ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। उन्होंने कहा कि आप दिल लगाकर खेले हैं, आप देश के हीरो हैं। पीएम से बात करके टीम का हौसला बढ़ा और हमने कांस्य पदक जीता। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुव बत्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्रास रुट लेबल योजना काफी कारगर रही। सरकार ने खेलों को लेकर काफी काम किया है। प्रोत्साहन से हौसला बढ़ता है, खिलाडियों की ट्रेनिंग काफी पैसा खर्च किया गया। केंद्र और राज्य सरकारों ने काफी सहयोग किया। ओलिंपिक में पदकों की संख्या और बढ़ाएंगे। जितना प्यार और पुरस्कार मिला है, उससे खिलाडियों का हौसला बढ़ा है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि हाकी तीन मैच हारने के बाद भी हमने हिम्मत नहीं हारी, हम जानते थे कि हम दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच सकते हैं। लड़कियां पूरे जोश से खेलीं। पदक विजेताओ के साथ ही भाग लेने वालों का सम्मान वाकई सराहनीय है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक मिसाल कायम की है। यह समारोह उन खिलाडियों को प्रेरणा देगा जो भविष्य में देश के लिए खेलने का सपना देखते हैं। मैं यहां मौजूद खिलाडियों से यही कहना चाहता हूं कि हमेशा लक्ष्य पर फोकस करें, सामने कौन है, इसके दबाव में न आएं। प्रदेश के खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि यह हर्ष और उल्लास का अवसर है कि देश का मस्तक ऊंचा करने वाले खिलाडियों का अभिनन्दन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार खेलों के विकास को प्रतिबद्ध है। जो खिलाड़ी पदक जीतने से चुके हैं, उन विश्वास है कि अगले ओलिम्पिक में पदक जीते हैं। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया है। मेजबानी के लिए विख्यात लखनऊ ने एक फिर बेमिसाल उदाहरण पेश किया। मौका था उन सितारों के स्वागत का जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी चमक बिखेर कर भारत का मस्तक ऊंचा किया । अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम आज उन सितारों के स्वागत के लिए बाहें फैलाए खड़ा था । दर्शक दीर्घा में प्रदेश से आए लगभग 5000 खिलाड़ी और इतने ही दर्शक तिरंगा लहराते हुए इस यशोगान में कोरस करते नजर आए। भारत माता के गगनभेदी जयघोष के बीच उत्साह का सागर क्रीड़ास्थल में प्रवाहमान था। सबसे पहले ओलंपिक विजेता खिलाडियों ने मैदान में प्रवेश किया। स्टेडियम का श्य देखकर वह भी प्रफुल्लित दिखे। खिलाड़ी दर्शक दीघा को और दर्शक उन्हे कैमरे में कैद करने को लालायित दिखे। ढोल नगाड़े के बीच नृत्य करते कलाकार और तिरंगा लहराते दर्शको का शोर विजयघोष को ध्वनित करता दिखा।

# अर्पणा गुप्ता पुलिस अधीक्षक रेलवे द्वारा मुजफ्फरनगर जीआरपी रेलवे थाने का किया गया निरीक्षण






**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद अर्पणा गुप्ता ने आज जीआरपी रेलवे थाना मुजफ्फरनगर का निरीक्षण किया और बारीकी के साथ बहुत सी चीजों को गंभीरता पूर्वक देखा और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए तथा जीआरपी थानाप्रभारी विजयकांत सत्यार्थी व उनकी टीम का मनोबल भी बढ़ाया। आज मुजफ्फरनगर जीआरपी रेलवे थाने पर निरीक्षण के लिए पहुंची अर्पणा गुप्ता को यहां पहुंचने पर सर्वप्रथम सलामी देते हुए उनका सम्मान किया गया तथा उन्होंने जीआरपी थाने का संपूर्ण निरीक्षण किया बारीकी के साथ महिला डेस्क तथा अभिलेखों का गहनता के साथ अध्ययन किया और उन्होंने संतोष जताते हुए कहा कि सब कुछ बहुत अच्छे तरीके से सुसज्जित किया गया है और कहीं भी कोई खामी नहीं मिली है इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अलग-अलग थानों पर उनका निरीक्षण चल रहा है। इसी क्रम में आज मैं यहां मुजफ्फरनगर आई थी और उन्होंने निरीक्षण किया तथा सब कुछ सामान्य और सही पाया इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जीआरपी रेलवे गाजियाबाद सुदेश कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। इस अवसर पर जीआरपी थाना प्रभारी विजयकांत सत्यार्थी अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक रेलवे अर्पणा गुप्ता ने बताया कि सब कुछ बहुत अच्छा रहा और चलते वक्त उन्होंने पूरी टीम को शाबाशी देकर उत्साहवर्धन किया।



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

# मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र के फूलत गांव में युवक की गला रेत कर की गई हत्या,पुलिस जांच में जुटी



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में रतनपुरी थाना क्षेत्र के फुलत गांव में युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई बताया जा रहा है लकड़ी चुगने गया एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई जोकि कब्रिस्तान के बगल के खेत में से मृतक युवक का शव बरामद हुआ है मृतक युवक कब्रिस्तान में लकड़ी चुगने का कार्य कर रहा था जैसे ही सूचना क्षेत्र में लोगों को पता चली सूचना से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ओलंपियन सम्मान समारोह में पहुंचे खिलाडियों से भेंट कर हालचाल जाना और उत्साहवर्धन किया



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित ओलंपियन सम्मान समारोह में विभिन्न खेलों से संबंधित खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने और देश को गौरवान्वित करने वाले ओलंपिक खिलाडियों से प्रेरणा लेने हेतु प्रदेश भर के खिलाडियों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर व गाजियाबाद से भी खिलाडी लखनऊ पहुंचे। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इन खिलाडियों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित और अन्य खिलाडियों को प्रेरित कर रहे हैं। इसीलिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों के खिलाडियों को अनुशासन, धैर्य, धीरज, साहस आदि प्राप्त करने का अवसर मिलता है, साथ ही साथ देशों के बीच मित्रता, भाईचारे और अच्छे संबंधों की अवधारणा का एहसास होता है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिलकर सभी खिलाडी खुश व उत्साहित नजर आये।



आदर्श सर्व सेवा समिति द्वारा कोविड-19 टीकाकरण मदरसा इस्लामिया अरबिया तालीमुल इस्लाम केवलपुरी जसवंतपुरी में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सरदार बलजीत सिंह डीपीएम एवं तरन्नुम यूनिसेफ डीएमसी द्वारा फीता काटकर मौलवी रिजवान के कोविड का टीका लगाकर शुरुआत की गई।

# देश को गौरवान्वित करने वाले ओलंपिक खिलाडियों से प्रेरणा लेने हेतु प्रदेश भर के खिलाडियों को किया आमंत्रित

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित ओलंपियन सम्मान समारोह में विभिन्न खेलों से संबंधित खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने और देश को गौरवान्वित करने वाले ओलंपिक खिलाडियों से प्रेरणा लेने हेतु प्रदेश भर के खिलाडियों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर व गाजियाबाद से भी खिलाडी लखनऊ पहुंचे। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इन खिलाडियों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ लगातार उत ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को सम्मानित और अन्य खिलाडियों को प्रेरित कर रहे हैं। इसीलिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों के खिलाडियों को अनुशासन, धैर्य, धीरज, साहस आदि प्राप्त करने का अवसर मिलता है, साथ ही साथ देशों के बीच मित्रता, भाईचारे और अच्छे संबंधों की अवधारणा का एहसास होता है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिलकर सभी खिलाडी खुश व उत्साहित नजर आये।

# खालापार क्षेत्र में हाजी सरफराज के कार्यालय पर एसएस दास चौरिटेबल मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा कोविशिल्ड टीकाकरण कैंप का किया गया आयोजन

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** खालापार क्षेत्र में कोवीडशील्ड टीकाकरण का कैंप आर के टेलर हाजी सरफराज के कार्यालय में एसएस दास चौरिटेबल मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रुप से सुभाष चौहान केमिस्ट एण्ड ड्रगेस्ट एसोसिएशन मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष एवं नामित सदस्य स्वास्थ विभाग ,सरदार बलजीत सिंह स्वच्छ भारत मिशन डीपीएम ,सईद कांग्रेस नेता,एडवोकेट संदीप दास एसएस दास चौरिटेबल मेमोरियल ट्रस्ट संस्थापक, नौशाद इलाही कोठी वाले, सचिन त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार वार्ड 50 सभासद अब्दुल सत्तार, हाजी सरफराज उर्फ आर के टेलर यूनिसेफ से तरन्नुम, रिफाकत,अरशद कुरैशी चमड़े वाले,यूनिस कुरेशी,डक्ष्वक्टर खालिद, आसिफ खान पत्रकार,मुशहीद खान, यूसुफ कुरैशी,मो उवैस उर्फ रैंबो, शाहिद,आदि गणमान्य लोग




उपस्थित रहे। सभी समाज के महिला पुरुष युवकों ने पहुंच कर टीकाकरण की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाई सभी ने अपने एवं अपने परिवार के साथ बढ़-चढ़कर टीकाकरण हेतु उपस्थित रहे एवं जिला अस्पताल से आई हुई टीम के साथ कई मुद्दों पर चर्चा कर स्थानीय नागरिकों ने अपना वहम दूर किया एवम् टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया। हाजी सरफराज ने कहा की अपना एवं अपनों की सेफ्टी के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है सभी कोविड का टीका जरूर लगवाएं ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।